कलेक्टर-एसपी डीएफओ पहुंचे राजघाट

नहीं मिले उत्खनन के साक्ष्य

नवभारत न्यूज
मुरैना, 27 मई। राष्ट्रीय चंबल अभ्यारण्य अंतर्गत राजघाट एवं

चंबल के राजघाट पर प्रशासनिक टीम का संयुक्त निरीक्षण

सिकरोदा नहर प्वाइंट क्षेत्र में बुधवार को प्रशासनिक और पुलिस अधिकारियों की संयुक्त टीम ने विस्तृत निरीक्षण किया। निरीक्षण का उद्देश्य क्षेत्र की स्थिति का आंकलन तथा अवैध उत्खनन गतिविधियों की जांच करना था।

संयुक्त टीम में कलेक्टर लोकेश कुमार जांगिड़, एसपी धर्मराज मीणा, वनमंडलाधिकारी एवं राष्ट्रीय चंबल अभ्यारण्य के निदेशक हरिश्चंद्र बघेल, जिला खनिज अधिकारी सुखदेव निर्मल, जिला परिवहन अधिकारी विक्रमजीत सिंह, एसडीओपी देवरी सहित अन्य अधिकारी शामिल रहे। अधिकारियों ने पैदल भ्रमण कर घाट क्षेत्र और आसपास के इलाकों का सूक्ष्म निरीक्षण किया। जांच के दौरान कहीं भी रेत उत्खनन के नए गड्ढे, ट्रैक्टर या अन्य वाहनों के पहियों के निशान नहीं मिले। मौके पर तैनात सुरक्षा बलों ने बताया कि 13 अप्रैल से एसएएफ की तैनाती के बाद क्षेत्र में किसी भी प्रकार की अवैध उत्खनन गतिविधि सामने नहीं आई है।

वर्तमान में घाट क्षेत्र में 36 जवान लगातार निगरानी कर रहे हैं, वहीं चंबल नदी क्षेत्र में अतिरिक्त सुरक्षा कैंप भी स्थापित किया गया है। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक ने सुरक्षा व्यवस्था मजबूत बनाए रखने तथा सतत निगरानी जारी रखने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए।

बिना नंबर प्लेट दौड़ रहे वाहनों पर होगी कार्रवाई : कलेक्टर

मुरैना। जिले में बिना नम्बर प्लेट एवं बिना पंजीयन संख्या वाले वाहनों के खिलाफप्रशासन ने सख्ती बढ़ा दी है। कलेक्टर लोकेश कुमार जांगिड़ ने बुधवार को आरटीओ चेकपोस्ट का निरीक्षण कर परिवहन विभाग को प्रभावी कार्रवाई के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि बिना नम्बर प्लेट चलने वाले ट्रैक्टर एवं अन्य वाहन यातायात नियमों का उल्लंघन करते हैं और अवैध गतिविधियों को बढ़ावा देते हैं। ऐसे वाहनों के खिलाफअभियान चलाकर नियमित जांच और वैधानिक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। कार्रवाई को प्रभावी बनाने के लिए परिवहन विभाग को एसएएफ के 35 जवान उपलब्ध कराए गए हैं। इन जवानों की तैनाती जिले के विभिन्न संवेदनशील क्षेत्रों में की गई है। जानकारी के अनुसार सबलगढ़ रोड, दिमनी थाना क्षेत्र, सिकरोदा-देवरी रोड, आरटीओ चेकपोस्ट, टोल प्लाजा सहित अन्य स्थानों पर संयुक्त टीम लगातार निगरानी और चेकिंग कर रही है।

पं. नेहरू ने रखी आधुनिक भारत के निर्माण की नींव : प्रदीप

नवभारत न्यूज
मुरैना, 27 मई। देश के प्रथम प्रधानमंत्री पं. जवाहरलाल नेहरू की 62वीं पुण्यतिथि पर बुधवार को कांग्रेस सेवादल के तत्वावधान में स्थानीय नेहरू पार्क में श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सेवादल के अध्यक्ष प्रदीप रजक ने की।

कार्यकर्ताओं ने पं. नेहरू की प्रतिमा पर माल्यापर्ण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। इस मौके पर वक्ताओं ने उनके जीवन पर विचार व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि पं. नेहरू ने आधुनिक भारत के

62 वीं पुण्यतिथि पर कांग्रेस सेवादल ने दी श्रद्धांजलि किया नमन

निर्माण की नींव रखी तथा लोकतांत्रिक व्यवस्था को सशक्त बनाने का काम किया। उन्होंने कहा कि आजादी के बाद देश को विकास और संसदीय लोकतंत्र की दिशा देने में पं. नेहरू का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

कार्यक्रम में इन कांग्रेसजनों की रही मौजूदगी

कार्यक्रम में शहर कांग्रेस जिलाध्यक्ष गजेन्द्र सिंधी, महासचिव कुलदीप यादव, विक्रमराज मुदगल, एड. हरिशंकर शर्मा, अब्दुल रज्जाक पटेल, नरोत्तम माहौर, रहीस खान, सरफुद्दीन शाह, राजीव यादव, केके श्रीवास्तव, पप्पू दीक्षित, महेश खुराना, छविराम प्रजापति, फैजान पठान, आनंद रजक, समीर खान, अमन रजक, राज रजक, बृजेश कुमार आदि उपस्थित थे।

गीता धार्मिक ग्रंथ ही नहीं जीवन का दिव्य मार्गदर्शक

नवभारत न्यूज
मुरैना, 27 मई। ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के होली हाउस सेवा केंद्र मुरैना द्वारा स्थानीय मानसरोवर पैलेस में 7

ब्रह्माकुमारी सेवा केन्द्र के 7 दिवसीय प्रवचन में उमड़े श्रद्धालु

दिवसीय गीता ज्ञान प्रवचन कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। आयोजन के दूसरे दिन बुधवार को बड़ी संख्या में श्रद्धालु प्रवचन सुनने पहुंचें।

बुधवार को मुख्य वक्ता आस्था

दीदी ने श्रीमद्भगवद्गीता के आध्यात्मिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि गीता केवल धार्मिक ग्रंथ नहीं, बल्कि जीवन को सही दिशा देने वाला दिव्य मार्गदर्शक है। उन्होंने कहा कि आज भौतिक दौड़ में उलझा मनुष्य तनाव और अशांति का शिकार हो रहा है, ऐसे समय में गीता का ज्ञान आत्मिक शक्ति और सकारात्मक सोच प्रदान करता है। उन्होंने कर्मयोग की व्याख्या करते हुए कहा कि व्यक्ति को निष्काम भाव से अपने कर्तव्यों का पालन करना चाहिए। जब मनुष्य स्वयं को आत्मा समझकर परमात्मा से जुड़ता है, तब जीवन में शांतिए प्रेम और आनंद का अनुभव होता है। कार्यक्रम में राजयोग ध्यान का अभ्यास भी कराया गया, जिसमें श्रद्धालुओं ने आत्मिक शांति का अनुभव किया। मधुर संगीत और आध्यात्मिक संदेशों से पूरा वातावरण भक्तिमय बना रहा। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिलाएं, युवा, बुजुर्ग एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

कोचिंग संचालक के बैग से गिरे 6 लाख, पुलिस ने लौटाए

नवभारत न्यूज
मुरैना, 27 मई। बाइक पर सवार होकर बैंक जाते समय बैग की चैन खुलने से सड़क पर गिरने के बाद गुम हुए कोचिंग संचालक के 6

अंबाह में 19 मई को बाइक पर जाते समय गिरे थे रुपए

लाख रूपये अंबाह पुलिस ने बरामद कर लिए है। पुलिस ने 27 मई को बरामद हुई 6 लाख की रकम कोचिंग संचालक के सुपुर्द कर दी।

जानकारी के अनुसार कस्बा अंबाह की चंबल कॉलोनी में रहने

वाले कोचिंग संचालक योगेन्द्र सिंह तोमर विगत 19 मई को 6 लाख रूपये की रकम को जमा करने के लिए बाइक पर अपने पुत्र के साथ सेंट्रल बैंक जा रहे थे। जब दोनों पिता-पुत्र राजीव पेट्रोलपंप के पास से गुजर रहे थे, तभी बैग की चैन खुल गई और उसमें रखे 6 लाख रूपये के नोटों के बंडल सड़क पर गिर गए। जिसे पीछे आ रहे एक अन्य बाइक सवार ने उठाया और लेकर रफूचक्कर हो गया। कोचिंग संचालक ने घटना की सूचना अंबाह थाने पहुंचकर निरीक्षक वीरेश कुशवाह को दी। श्री कुशवाह ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और वहां लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले। पुलिस टीम की मेहनत और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर 27 मई को सड़क पर गिरी रकम को ले जाने वाले युवक की पहचान कर उसके पास से 6 लाख की रकम बरामद कर ली गई। जिसे पुलिस ने कोचिंग संचालक योगेन्द्र सिंह तोमर को सौंप दिया है। कार्रवाई में थाना प्रभारी वीरेश सिंह कुशवाह, सउनि यशवंत, आरक्षक लखन, दिनेश, नरेश, ओमप्रकाश की सराहनीय भूमिका रही है।

एक नजर में



पुण्यतिथि पर कांग्रेसियों ने पं. नेहरू को दी श्रद्धांजलि

मुरैना/जौरा, 27 मई। देश के प्रथम प्रधानमंत्री पं. जवाहरलाल नेहरू की 62वीं पुण्यतिथि पर बुधवार को कस्बा जौरा के गांधी वाचनालय में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित हुआ। ब्लॉक अध्यक्ष एवं रामहेत त्यागी की मौजूदगी में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने पं. नेहरू के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें याद किया। वक्ताओं ने कहा कि पं. नेहरू ने आधुनिक भारत की नींव रखी तथा शिक्षा, उद्योग और तकनीकी विकास को नई दिशा दी। वक्ताओं ने कहा कि नेहरू ने देश में लोकतंत्र, धर्मनिरपेक्षता और आपसी भाईचारे की भावना को मजबूत करने का कार्य किया। इस अवसर पर ओमप्रकाश सकलेचा, दीपक यादव, शाहबुद्दीन उस्मानी, देवेंद्र दत्त रानू मिश्रा, प्रमोद शर्मा, बीके पाराशर, मनुआ खान, बनवारी शाक्य, रामहित जाटव सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे। संचालन ओमप्रकाश गुप्ता ने किया।

गांव-गांव स्वदेशी की अलख जगाएंगे धर्मेन्द्र शास्त्री

मुरैना/जौरा। समाजसेवी धर्मेंद्र शास्त्री को स्वदेशी जागरण मंच का मुरैना जिला

संपर्क प्रमुख मनोनीत किया गया है। नियुक्ति के बाद समर्थकों और कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत कर शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर धर्मेंद्र शास्त्री ने कहा कि संगठन ने जिस विश्वास के साथ उन्हें जिम्मेदारी सौंपी है, पूरी निष्ठा से संगठन की उम्मीदों पर खरा उतरने का प्रयास करेंगे। उन्होंने कहा कि स्वदेशी जागरण मंच का उद्देश्य स्वदेशी विचार, आत्मनिर्भरता और भारतीय उत्पादों के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। इसके लिए गांव .गांव तक लोगों को जोड़ने का अभियान चलाया जाएगा। नियुक्ति पर पंकज गुप्ता, प्रमोद सविता, बंटी डंडौतिया, आशीष गोस्वामी, राहुल त्यागी, पवन शर्मा, भूरा त्यागी, सक्षम शर्मा, भारत सविता सहित अन्य लोगों ने प्रसन्नता व्यक्त कर बधाई दी है।

कांग्रेस का जौरा एसडीएम दफ्तर का घेराव, प्रदर्शन कल

मुरैना/जौरा। लगातार बढ़ती महंगाई, किसानों की समस्याओं और नीट परीक्षा पेपर लीक मामले को लेकर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी जौरा, किसान कांग्रेस की जौरा इकाई सहित विभिन्न प्रकोष्ठों के संयुक्त तत्वावधान में कल 29 मई को जौरा एसडीएम दफ्तर का घेराव कर प्रदर्शन किया जाएगा। प्रदर्शन के बाद मांगों को लेकर कांग्रेसजन एसडीएम को ज्ञापन भी देंगे। ब्लॉक अध्यक्ष जौरा ने बताया कि सरकार की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ29 मई की सुबह 10 बजे हजारों की संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता जौरा एसडीएम कार्यालय पर एकत्रित होंगे। जहां उनके द्वारा मंहगाई, नीट पेपर लीक सहित अन्य मुद्दों को लेकर दफ्तर का घेराव करते हुए जोरदार प्रदर्शन किया जाएगा। प्रदर्शन के बाद कांग्रेस की ओर से ज्ञापन सौंपा जाएगा। ब्लॉक अध्यक्ष ने समस्त कांग्रेसजनों से घेराव, प्रदर्शन में शामिल होने का आग्रह किया है।

पेयजल समस्या के समाधान को कंट्रोल रूम स्थापित

मुरैना। ग्रीष्मकाल में पेयजल समस्याओं के तत्काल निराकरण के लिए जिला प्रशासन ने जिला स्तरीय कंट्रोल रूम स्थापित किया है। कलेक्टर के निर्देश पर लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा शुरू किए गए कंट्रोल रूम का दूरभाष क्रं. 07532-225052 जारी किया गया है। कार्यपालन यंत्री अमर दाहिया ने बताया कि कंट्रोल रूम पर कर्मचारियों की तीन पालियों में ड्यूटी लगाई गई है। सुबह 6 से दोपहर 2 बजे तक महेश जाटव, दोपहर 2 से रात 10 बजे तक पंजाब सिंह यादव तथा रात 10 से सुबह 6 बजे तक रविकुमार शिकायतों का निराकरण करेंगे। शनिवार और रविवार के लिए नरेश शर्मा एवं विशाल गोले को जिम्मेदारी सौंपी गई है। विकासखंड स्तर पर भी अधिकारियों और कर्मचारियों की तैनाती की गई है। मुरैना उपखंड के लिए आरपी वाजपेयी को नोडल अधिकारी बनाया गया है। वहीं मुरैना, जौरा, अंबाह, पोरसा, सबलगढ़, कैलारस एवं पहाड़गढ़ क्षेत्रों के लिए अलग-अलग अधिकारियों को शिकायत सुनने और समाधान की जिम्मेदारी दी गई है।

कुलियाना मौहल्ला से घर के बाहर रखी बाइक चोरी

नवभारत न्यूज
मुरैना, 27 मई। कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत शहर के कुलियाना मौहल्ले से मंगलवार-बुधवार की रात को अज्ञात बदमाश घर के बाहर रखी हुई एक मोटरसाईकिल को चुराकर ले गए।

बाइक चोरी की वारदात वहां लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई है। कैमरे में एक युवक बाइक को चुराता हुआ दिखाई दे रहा है।

कोतवाली पुलिस को दिए आवेदन में सोनू खान पुत्र ईसाक खान निवासी कुलियाना मौहल्ला ने बताया कि उसने अपनी होंडा साइन बाइक क्रं. एमपी06-एमआर-9158 को 26 मई की रात को घर के बाहर लॉक लगाकर रख दिया था। 27 मई की सुबह जब सोनू सोकर उठा और घर से निकला तो बाहर रखी बाइक वहां से गायब थी। तब उसने पड़ौस के घर में लगे सीसीटीवी कैमरे की जांच की। जिसमें रात 3 बजकर 27 मिनट पर एक युवक बाइक को चोरी कर ले जाते हुए दिखाई दिया।

पीड़ित सोनू खान ने आवेदन के साथ सीसीटीवी फुटेज कोतवाली पुलिस को सौंप दिए है। पुलिस द्वारा घटनाक्रम की जांच की जा रही है।

वरिष्ठता दरकिनार कर सौंपा बीईओ का प्रभार, उठे सवाल

नवभारत न्यूज
मुरैना, 27 मई। शिक्षा विभाग में बीईओ मुरैना के प्रभार को लेकर विवाद गहराता जा रहा है। जिला

जिला शिक्षाधिकारी की कार्यशैली को लेकर शिक्षा विभाग में घमासान

शिक्षा अधिकारी बीएस इंदौलिया पर नियमों और वरिष्ठता की अनदेखी कर कनिष्ठ प्राचार्य को प्रभार देने के गंभीर आरोप लग रहे है।

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार कि ब्लॉक शिक्षाधिकारी मुरैना का प्रभार डीईओ द्वारा वर्ष 1995 बैच के राजेन्द्र सिंह सिकरवार को सौंपा गया है।

वहीं महकमे में बीईओ के दायित्व के लिए वरिष्ठ अधिकारियों को नजरअंदाज कर दिया गया है। खबर है कि बीईओ के प्रभारी के लिए डीईओ की ओर से कलेक्टर को भेजी गई नोटशीट में वरिष्ठ प्राचार्य राकेश शर्मा, आरएल मौर्य और हाईस्कूल की प्राचार्य आरती अग्रवाल के नाम सूची में शामिल ही नहीं किए गए थे। बताया जा रहा है कि वरिष्ठता में दूसरे नंबर पर आने वाले आरएल मौर्य को कथित शिकायतों का हवाला देकर प्रभार सौंपे जाने से किनारा किया गया। महकमे में चल रही अफवाहों को माने तो बीईओ का प्रभार सौंपे जाने के लिए वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा मोटी राशि का लेनदेन किया गया है।

यही वजह रही कि वरिष्ठता को दरकिनार करते हुए जूनियर को प्रभार सौंप दिया गया।

आर्य समाज में पहली महिला प्रधान बनी प्रमिला सेंगर

नवभारत न्यूज
मुरैना/जौरा, 27 मई। आर्य समाज मंदिर में 26 मई को

नवीन कार्यकारिणी का हुआ गठन

आगामी सत्र के लिए नई कार्यकारिणी का निर्वाचन संपन्न हुआ। आर्य समाज मंदिर के इतिहास में पहली बार किसी महिला को प्रधान चुना गया है। निर्वाचन में प्रमिला सेंगर को प्रधान निर्वाचित किया गया। इसके अलावा रामनरेश माहौर को उप प्रधान, केशव सिंह तोमर को मंत्री, आनंद सिकरवार को उपमंत्री, विजयेंद्र कुमार को कोषाध्यक्ष, संजय आर्य को पुस्तकालय अध्यक्ष तथा शिवप्रताप सिंह तोमर को ऑडिटर चुना गया है। नई कार्यकारिणी में एक महिला सहित पांच अंतरंग सदस्यों को भी मनोनीत किया गया है। नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने संगठन को मजबूत बनाने और आर्य समाज की विचारधारा को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया।

निर्माणाधीन ट्रॉमा सेंटर में रखे कबाड़ में आग से अफरा-तफरी

नवभारत न्यूज
मुरैना, 27 मई। जिला अस्पताल परिसर में निर्माणाधीन ट्रॉमा सेंटर के साइड में स्थित एक भवन में बुधवार की दोपहर अचानक आग लग गई। आग की लपटों ने वहां रखे कबाड़ को अपनी चपेट में ले लिया। सूचना मिलते ही दमकल वाहन मौके पर पहुंचें और पानी फेंककर आग पर काबू पाया।

जानकारी के अनुसार जिला अस्पताल परिसर में निर्माणाधीन ट्रॉमा सेंटर में काम कर रहे मजदूरों को दूसरे भवन में रखे कबाड़ से आग की लपटें उठती हुईं दिखीं। उन्होंने तत्काल फायर बिग्रेड को

जिला अस्पताल परिसर में बुधवार की दोपहर हुई घटना

सूचना दी। कुछ ही देर में नगर निगम के दो दमकल वाहन मौके पर पहुंच गए। दमकलकर्मियों ने करीब आधा घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। आग की चपेट में आने से वहां रखा हुआ कबाड़ जलकर नष्ट हो गया। हादसे में किसी के झुलसने या जख्मी होने की खबर नहीं है।

अन्नदूत परिवहनकर्ता थानसिंह तोमर पर ठोका 57 हजार जुर्माना

मुरैना, 27 मई। सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत माह मई, जून-2026 के खाद्यान्न आवंटन के उठाव कार्य में लापरवाही गयी है। मुख्यमंत्री युवा अन्नदूत परिवहनकर्ता थानसिंह तोमर सेक्टर क्रं. 01 मुरैना द्वारा लापरवाही बरतने के कारण कलेक्टर लोकेश कुमार जांगिड़ ने अनुबंध अनुसार 57 हजार 55 रूपये का अर्थदण्ड अधिरोपित किया गया है। जिला खाद्य अधिकारी उमेश शर्मा ने जिले के समस्त परिवहनकर्ताओं को निर्देशित किया है कि वह निर्धारित समयावधि में खाद्यान्न आवंटन का उठाव कर शासकीय उचित मूल्य दुकानों पर प्रदाय करना सुनिश्चित करें।

ग्वालियर-कैलारस ट्रेन में बिना टिकट सफर कर रहे 19 यात्री पकड़े

नवभारत न्यूज
मुरैना, 27 मई। उत्तर मध्य रेलवे के झांसी मंडल द्वारा बिना टिकट एवं अनियमित यात्रा पर रोक लगाने के लिए बुधवार को ग्वालियर-कैलारस रेलखंड पर विशेष टिकट चेकिंग अभियान चलाया गया।

चैकिंग अभियान का नेतृत्व सहायक मंडल वाणिज्य प्रबंधक आरके वर्मा ने किया। अभियान के दौरान ट्रेनों और स्टेशन परिसर में सघन जांच की गई,

उमरे के झांसी मंडल द्वारा चलाया अभियान, 5 हजार वसूला जुर्माना

जिसमें अनियमित रूप से यात्रा कर रहे 19 यात्रियों को पकड़ा गया। इन यात्रियों से मौके पर ही 4 हजार 970 जुर्माने के रूप में वसूले गए। अभियान में टिकट चेकिंग स्टाफ के दौलतराम मीणा, राहुल चौधरी और नल सिंह मीणा की विशेष भूमिका रही। रेलवे प्रबंधन ने स्पष्ट किया कि भविष्य में भी ऐसे औचक निरीक्षण लगातार जारी रहेंगे।

कार्यालय,म.प्र.गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल संभाग मुरैना

क्रमांक-1676...मुरैना
दिनांक-26/05/2026

सार्वजनिक सूचना

म.प्र.गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल द्वारा निर्मित भूखण्ड क्रं. एलआईजी द्वितीय-562 जौराखुर्द मुरैना जो कि श्री बनवारीलाल शर्मा पुत्र श्री रामस्वरूप शर्मा के नाम इंद्राज है। इनके द्वारा उक्त भवन को श्री सीताराम शर्मा पुत्र श्री सुन्दरपाल शर्मा के नाम नामांतरण/ हस्तांतरण हेतु दस्तावेज जमा कर आवेदन किया है, जो कि इस कार्यालय में विचाराधीन है इस संबंध में यदि किसी व्यक्ति/ संस्था को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वह इस बावत प्रतिवेदन इस कार्यालय में इस सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अंदर अपनी आपत्ति लिखित में प्रस्तुत करें, निर्धारित समयावधि व्यतीत होने के उपरांत कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी एवं मण्डल के नियमानुसार भवन/भूखण्ड हस्तांतरण/नामांतरण की कार्यवाही की जा सकेगी।

सम्पदा प्रबंधक
म.प्र.गृ.नि.एवं अधो. विकास मण्डल संभाग-मुरैना म.प्र.

कार्यालय,म.प्र.गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल संभाग मुरैना

क्रमांक-1677...मुरैना
दिनांक-26/05/2026

सार्वजनिक सूचना

म.प्र.गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल द्वारा निर्मित भवन क्रं. एलआईजी द्वितीय-532 मयूरवन कॉलोनी मुरैना जो कि श्री बी.एस. चौहान पुत्र श्री हरनारायण सिंह चौहान को आवंटित किया गया था, इनके द्वारा उक्त भवन क्रं. एलआईजी द्वितीय-532 श्रीमती आरती पत्नी श्री गिरजाशंकर के नाम नामांतरण/ हस्तांतरण बावत आवेदन किया है, जो कि इस कार्यालय में विचाराधीन है इस संबंध में यदि किसी व्यक्ति/ संस्था को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वह इस बावत प्रतिवेदन इस कार्यालय में इस सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अंदर अपनी आपत्ति लिखित में प्रस्तुत करें, निर्धारित समयावधि व्यतीत होने के उपरांत कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी एवं मण्डल के नियमानुसार भवन/भूखण्ड हस्तांतरण/नामांतरण की कार्यवाही की जा सकेगी।

सम्पदा प्रबंधक
म.प्र.गृ.नि.एवं अधो. विकास मण्डल संभाग-मुरैना म.प्र.

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी अनुविभाग मुरैना म.प्र.

प्र.क्र. 0043/2022-23/अपील मुरैना दिनाक 21.05 2026

बादामी पुत्री किशोरी फौत के बारिश
1. हरीलाल केम पुत्र दुर्जनलाल 2. अनिल 3. अजय पुत्रगण हरीलाल 5.रुबी 6. पूनम पुत्रियां हरीलाल सभी जाति जाटव निवासी सोलंकी पेट्रोल वाली गली जौरी तहसील व जिला मुरैना .....अपी.

बनाम

किशोरीलाल पौत वारिसानः-
1. वैकुण्ठी वेवा किशोरीलाल 2. लालसिंह 3. बीर सिंह पुत्रगण किशोरीलाल सोवरन फौत वारिसानः- 4. चमेली वेवा सोवरन 5. पंजाब सिंह 6. ध्रुव सिंह 7. भरत सिंह 8. भूरा 9. जीतेन्द्र पुत्रगण सोवरन जाति जाटव निवासी मुंगावली तहसील व जिला मुरैना 10. रामकली पुत्री सोवरन पत्नी देवेन्द्र निवासी पीपरीपुरा जिला मुरेना 11. मिथलेश पुत्री सोबरन पत्नी अर्जुन निवासी अरहेला तहतील जौरा जिला मुरैना ...रेस्पो.

// सूचना पत्र //

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि अपीलान्ट 1. हरीलाल केम पुत्र दुर्जनलाल 2. अनिल 3 अजय पुत्रगण हरीलाल 5. रुबी 6. पूनम पुत्रियां हरीलाल सभी जाति जाटव निवासी सोलंकी पेट्रोल वाली गली जौरी तहसील व जिल मुरैना म.प्र. के अभिभाषक श्री मुनेन्द्र दिनकर द्वारा म.प्र. भू-राजस्व सहिंता 1959 की धारा 44 के अन्तर्गत आवेदन पत्र ग्राम मुंगावली तहसील मुरैना जिला मुरैना की नामांतरण पंजी क्रमांक 34/04.01.1990 में पारित आदेश दिनांक 20.01.1990 के विरुद्ध अपील प्रस्तुत की गई। जिसमे विवादित भूमि सर्वे क्रमांक 1145, 1146, 1265, 2146, 2274, 2275, 2276, 2280, 2281 स्थित है। अतः वादित भूमि से संबंध रखने वाले रेस्पो. को सूचित किया जाता है कि आप उपरोक्त प्रकरण में दिनांक 24.06. 2026 को सुनवाई हेतु नियत की गई है नियत दिनाक पर न्यायालय में आप स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के मध्यन के पक्ष समर्थन कर सकते हैं। आपकी अनुपस्थित में एक पक्षीय कार्यवाही की जाकर प्रकरण में आगामी कार्यवाही की जावेगी। आज दिनांक 21.05.2026 को मेरे हस्ताक्षर एव न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया।

अनुभागीय अधिकारी, अनुभाग मुरैना म.प्र.